## खास-खबरें

### सुभद्रा शर्मा महाविद्यालय का राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संपन्न

**गंजबासौदा।** सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय का राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय वार्षिक शिविर का आज पांचवा दिवस रहा। शिविर की शुरुआत प्रभात फेरी के साथ हुई, उसके पश्चात योग अभ्यास और सूर्य नमस्कार किया, हार्टफुलनेस संस्था से मोहन सिंह अहिरवार ने स्वयं सेवकों को तीन दिवसीय ध्यान सत्र करवाया और ध्यान के महत्व को समझाया। रैली पोस्ट पर सभी दलों के कार्यों को समझाया और लक्ष्य गीत गाया। परियोजना कार्य में रैली निकालते हुए बेतवा नदी के रिपटा घाट पर पहुंचे और घाट की साफ सफाई की। पंचम दिवस बौद्धिक सत्र में समाजसेवी सुनील पिंगले पत्रकार ओम प्रकाश चौरसिया , शासकीय माध्यमिक विद्यालय गंज प्राचार्य श्रीमती वनीता जैनउपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन से स्वयं सेवकों का मार्गदर्शन किया और कहा कि हमें पढ़ाई के साथ-साथ समाज सेवा से संबंधित कार्य भी करने चाहिए। अतिथियों के द्वारा चतुर्थ दिवस के शिविर दर्पण का उद्घाटन व विद्यालय में वृक्षारोपण करवाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ आरती साहू द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### विजन सेंटर पर नेत्र जांच शिविर

**गंजबासौदा।** सद्गुरु सेवा संघ द्वारा नेत्र शिविर आयोजित किया गया जिसमें लगभग 143मरीजों के नेत्र की जांच कर 39लोगों को दवाई दी गई 22लोगों को चस्मा प्रदान किया गया 29लोगों के लिए चश्मा के नंबर निकालकर दिए गए हैं 53मरीजों को मोतिया बिंद चिन्हित किया गया ।कार्यक्रम में समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने जानकारी दी शिविर में डॉ राज कारण वर्मा की सहयोगी टीम दिनेश वर्मा, रवि अहिरवार अखिलेश अहिरवार ने जांच कर अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया वहीं दूसरी ओर समाज सेवी गणेश राम रघुवंशी पंकज एलिया डॉ एके जैन हेमेंतभंडारी विजय अरोड़ा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं उक्त शिविर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान द्वारा संचालित किया गया।

### कलेक्टर ने अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ की कार्यवाही

**विदिशा।** कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने शमशाबाद तहसील क्षेत्र के ग्रामो के भ्रमण के दौरान अनुपस्थित दो अधिकारियों को टेलीफोन के माध्यम से बुलाने का संदेश प्रेषित कराया था इसके बावजूद उपस्थित नहीं होने पर उक्त दोनो अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। अनुपस्थित रहे सर्व शिक्षा अभियान के संविदा उपयंत्री आशीष जैन की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश डीपीसी को दिए। वहीं, महिला एवं बाल विकास विभाग के नटेरन परियोजना अधिकारी राजेश जैन के खिलाफ निलंबन कार्यवाही का प्रस्ताव संभागायुक्त को प्रेषित करने की कार्यवाही करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए गए।

### लापरवाही मोटरसाइकिल चालक को एक वर्ष की सजा

**विदिशा (निप्र)।** न्यायालय सुश्री प्रथा श्रीवास्तव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने तेजी व लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाकर टक्कर मारकर जान लेने वाले अपराधी सुनील मालवीय निवासी बंटीनगर विदिषा थाना सिविल लाइन को 1 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1500 रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया। अभियोजन के अनुसार 26.08.2018 को 9 बजे दीपक व अविनाष लकड़ी की टॉल के पास खड़े होकर बातचीत कर रहे थे तभी पीतलमील तरफ से सुनील मालवीय अपनी मोटरसाइकिल को तेजी व लापरवाही से चलाकर लाया और जयराम लोधी की मोटरसाईकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद जयराम लोधी मोटरसाईकिल सहित गिर गये, जिससे उन्हें सिर में, मुँह में तथा शरीर में जगह-जगह चोटे आई तथा वे बेहोष हो गये। जयराम लोधी को ईलाज के लिये अस्पताल लेकर गये, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### किसान केसीसी लिमिट 5 लाख रुपए करने पर किसानों ने खेला डांडिया



**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा शनिवार को किसान हितेशी बजट पेश किया गया। जिस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सीहोर जिले के ग्राम चन्देरी के किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में ग्राम चंदेरी, रामाखेड़ी, रलावती, भोजनगर, उलझावन के किसानों ने मिलकर देश के प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि इस किसान हितेशी बजट से किसानों की केसीसी लिमिट ऑफ 5 लाख रूपये हो जाएगी, जो कि पूर्व में 3 लाख थी। किसानों को टैक्स में छूट दी गई है, जिस पर किसानों ने खेत में खड़े होकर अनोखे अन्दाज में ताली बजाकर नाचते गाते हुए सरकार का धन्यवाद व्यक्त किया एवं सांस्कृतिक डांडिया नृत्य कर किसानों ने अपनी खुशी का इजहार किया। किसानों ने कहा कि किसानों को विगत 5 वर्षों से सोयाबीन की फसल प्राकृतिक आपदा के कारण खराब होती आ रही है। जिसकी बीमा राशि दिये जाने की मांग भी की गई है।

# वैधशाला में खगोल प्रेमी देख सकेंगे चांद और बृहस्पति ग्रहों की सतह

## आकाशीय अवलोकन शिविर 3 फरवरी से, 20 रुपए और शुल्क लगेगा

**उज्जैन। यंत्रमहल मार्ग स्थित शासकीय जीवाजी वेधशाला में 3 से 7 फरवरी तक आकाशीय अवलोकन शिविर लगाया जाएगा। दोपहर 3 से रात 8 बजे तक लगने वाले शिविर में 10 साल से अधिक उम्र के बच्चे शामिल हो सकेंगे।**




बच्चों को शिविर में खगोलीय जानकारी देने के साथ टेलिस्कोप से चांद की सतह से लेकर सौरमंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति की सतह की पट्टियों एवं उसके उपग्रहों, सबसे सुंदर ग्रह शनि को उसकी वलय के साथ, मंगल ग्रह को उसकी लाल आभा के साथ, धरती के नजदीकी ग्रह शुक्र को उसकी चंद्रमा की तरह कलाओं के साथ अवलोकन करा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जाएगा। कैम्प में शामिल होने वाले हर प्रतिभागी को 20 रुपए शुल्क देना होगा। वेधशाला अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त ने बताया कि वर्तमान समय में हम आसमान में ग्रहों को अच्छे से देख पा रहे हैं। 3 फरवरी के संबंध में देखें तो सायन गणना के अनुसार सूर्य कुंभ राशि में 14 अंश 40 कला पर है और सूर्यास्त का समय शाम 6 बजे है।

पश्चिम की ओर क्षितिज से करीब 45 अंश ऊपर सबसे चमकदार ग्रह शुक्र दिखाई दे रहा है। शुक्र ग्रह मीन राशि 29 अंश 12 कला पर है। इसी प्रकार पश्चिम की ओर क्षितिज से लगभग 30 अंश ऊपर शुक्र के नीचे सबसे सुंदर शनि ग्रह दिखाई दे रहा है। शनि ग्रह मीन राशि में 17 अंश 41 कला और सबसे बड़ा ग्रह बृहस्पति मिथुन राशि 11 अंश 17 कला पर है। इसे शाम को सिर के ऊपर अच्छे से देखा जा सकता है।

धरती से समानता रखने वाला लाल ग्रह मंगल कर्क राशि में 19 अंश 50 कला पर है। मंगल ग्रह को सूर्यास्त के बाद पूर्व दिशा में क्षितिज से करीब 45 अंश ऊपर चमकदार तारे के रूप में देख सकते हैं। चंद्रमा मेष राशि में 21 अंश 17 कला पर है। इसी प्रकार पश्चिम से पूर्व की ओर सूर्यास्त के बाद क्रम से शनि, शुक्र, बृहस्पति एवं मंगल ग्रह को बिना किसी उपकरण की सहायता से देखा जा सकता है।

# जगतगुरु पट्टाभिषेक समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित, अखाड़ों के प्रमुख रहे मौजूद

**गंजबासौदा। नगर में वेदांत संस्कृत विद्यालय आश्रम के संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक डॉ रामकमलदास वेदांती जी का शनिवार को प्रयागराज महाकुंभ में एक धार्मिक समारोह में रामानंदाचार्य सम्प्रदाय के सबसे बड़े पद पर जगतगुरु के रूप में पट्टाभिषेक हुआ।**



रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगतगुरु तुलसीपीठाधीश्वर रामभद्राचार्य जी महाराज द्वारा डॉ वेदांती जी का पट्टाभिषेक कर धर्म दंड सौंपते हुए जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ रामकमलाचार्य वेदांती के रूप में नया नाम दिया गया। धार्मिक समारोह में डॉ वेदांती के अलावा एक अन्य संत जगतगुरु विष्णुपद संतोषदास महाराज सतुआ बाबा का भी जगतगुरु के रूप में पट्टाभिषेक हुआ।

वेदांत आश्रम के महंत हरिहरदास जी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे क्षेत्र के लिए यह गौरव की बात है कि नगर से जुड़े डॉ वेदांती जी को रामानंदाचार्य संप्रदाय में सबसे बड़े पद जगतगुरु के पद पर पदासीन किया गया है। डॉ वेदांती जी को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में शनिवार को आयोजित हुए धार्मिक समारोह में तीनों वैष्णव अखाड़ों (दिगंबर ,निर्मोही और निर्वाणी अखाड़ा) के प्रमुखों की सहमति से जूनाअखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज की उपस्थिति में जगतगुरु तुलसीपीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज ने स्वामी वेदांतीजी महाराज का पट्टाभिषेक कर रामानंद संप्रदाय के जगतगुरु के रूप में तिलक किया। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डॉ वेदांती जी सनातन धर्म के संरक्षण संवर्धन और उसके प्रचार प्रसार के लिए केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी धर्म की ध्वजा लहरा रहे हैं उनकी वाणी,विचारों से विदेशी भी आज भारत की संस्कृति और धर्म से अपने आप को जोड़ रहे हैं। इस महाकुंभ में मंथन के रूप में आज भारत को दो जगतगुरु मिले हैं सनातन धर्म के लिए गौरव की बात है। इस धार्मिक समारोह में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष के अलावा, मलूकपीठाधीश्वर राजेंद्र जी महाराज, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, राजस्थान सांसद एवं संत बालकनाथ, अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत राजूदास महाराज सहित बड़ी संख्या में संत महंत महामंडलेश्वर मौजूद थे। डॉ वेदांती जी के रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगतगुरु बनने की जानकारी मिलने के बाद उनके अनुयायियों में हर्ष व्याप्त है।

# पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य पर रेंजर सम्मानित



**रायसेन।** गत दो वर्षों से लगातार क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए वनों की नवीन संरचना करके श्रंखलाबद्ध संरक्षित कर रोपित पौधों को पोषित करके वृक्ष में परिवर्तित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने एवं दूध का अनुपयोगी थालियों को एकत्रित करके उनमें विभिन्न प्रजातियों के हजारों पौधों की पौध तैयार करके उनमें शहरी क्षेत्र सहित गांव-गांव पौधारोपण कराकर पर्यावरण संरक्षण के साथ वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में सतत काम करने की मिसाल कायम करने वाले वन परिक्षेत्राधिकारी अरविंद अहिरवार को जिला संभाग एवं राज्य स्तर पर विभिन्न संस्थाओं एवं वनविभाग व सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा एक न्यूज़ चैनल के कार्यक्रम उड़ान 2025 के अंतर्गत रेंजर अरविंद अहिरवार को सम्मान के साथ पुरस्कार स्वरूप अवॉर्ड प्रदान किया गया भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित किया जाने के साथ उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पर्यावरण संरक्षण संवर्धन की दिशा में रेंजर अहिरवार द्वारा श्रेष्ठतम एवं अनुकरणीय काम किए जाने की मुक्तकंठ से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी सराहना के साथ उन्हें अवॉर्ड के साथ प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किए जाने पर वन मंडल अधिकारी विजय प्रताप सिंह वन एसडीओ सुधीर पटले समेत वनकर्मियों समाजसेवियों एवं ईष्ट मित्रों द्वारा जिले का नाम रौशन किए जाने पर उन्हें बधाई देते हुए उनका पुष्प मालाओं से स्वागत किया रेंजर अरविंद अहिरवार ने सम्मान पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तहसील में बंजर भूमि पर हरियाली रोपित करने का संकल्प दोहराते हुए सभी को इस पुनीत काम में सहभागी निभाने की शपथ दिलाई।

## हिउ समिति चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**बरेली।** बरेली हिन्दू उत्सव समिति के चुनाव की प्रक्रिया रविवार से प्रारंभ हो रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी केएल वर्मा ने बताया कि हिन्दू उत्सव समिति के वर्तमान में 700 सदस्य हैं, उनमें से ही अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव के साथ 9 कार्यकारणी सदस्यों का चुनाव होना है। रविवार से इन सभी पदों के दावेदार प्रत्याशी अपना-अपना नामांकन रामलीला मैदान के हॉल से दोपहर 1 बजे से 6 बजे तक ले सकते हैं। चार तारीख मंगलवार को सभी आवेदन लेने वाले अभ्यार्थी अपना फार्म दोपहर 1 बजे से 6 बजे तक जमा कर सकते हैं। 5 तारीख बुधवार को सभी नामांकन पत्रों की जांच, नामांकन पत्रों पर आपत्ति प्रस्तुत करना एवं उनका निराकरण करना है। 8 तारीख शनिवार को नामांकन वापिसी के बाद शेष प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्ह आवंटन किया जावेगा। 16 तारीख रविवार को चुनाव कराए जायेंगे। निर्वाचन अधिकारी केएल वर्मा ने बताया कि समिति में 711 सदस्य थे जिनमें से 11 सदस्यों की मृत्यु हो गई है। वर्तमान में चुनाव होते हैं तो 700 मतदाता ही अपने आधार कार्ड के साथ मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। उन्होने बताया कि अध्यक्ष पद का प्रत्याशी शुल्क 5100 रूपये रखा गया है साथ पदाधिकारियों का शुल्क 3100 रूपये, कार्यकारणी सदस्यों का शुल्क 1100 रूपये रखा गया है।

# बरेली में कांग्रेस नेताओं ने पटवारी का किया स्वागत



**बरेली।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री जीतू पटवारी का शनिवार को जबलपुर जाते समय अल्प समय के लिए कांग्रेस नेताओं ने उनकी अगवानी की एवं उनका स्वागत किया गया वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजीव पालीवाल भूपेंद्र सिंह चौधरी की अगवाई में सेकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी आत्मीय अगवानी की एवं उनका आत्मीय स्वागत किया।

वैष्णवी होटल पर कुछ समय के लिए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी रुके जहां पर उन्होंने मीडिया को बताया कि प्रदेश में चारों तरफ भ्रष्टाचार मचा हुआ है आमजन परेशान है किसान परेशान है पर्ची के द्वारा बनाई गई सरकार है उन्होंने घोषणा की थी कि किसानों को गेहूं का मूल 3000 दिया जाएगा मगर इसके विपरीत सरकार के द्वारा किसानों की अनदेखी की जा रही है बसमती धान को तड्ढ टैग मिले तो उसके अच्छे रेट मिलें उन्होंने कुंभ में हुई दुर्घटना पर अफसोस जताते हुए कहा कि शासन प्रशासन की ढुलमुल रवैया कारण हमारे कई कुंभ यात्री कॉल कल्पित हो गए भगवान उन सभी की आत्मा को शांतिपूर्ण प्रदान करें कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता कुंभ में राहतकारियों के लिए आमजन की मदद देखरेख में लगा हुआ है। बरेली नगर के सैकड़ो कांग्रेस जनों ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष बात रखी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजीव पालीवाल ने बताया कि भाजपा के भ्रष्टाचार आम जन की लड़ाई लड़ने के लिए जिले में संगठन को खड़ा किया जाए एवं मजबूती प्रदान की जाए। यह बात उन्होने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष रखी। आमजन के लिए बड़े आंदोलन की आवश्यकता है जिला अध्यक्ष के प्रबल दावेदार भूपेंद्र सिंह चौधरी ने वैष्णवी होटल पर क्षेत्र के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया था उनके द्वारा उन सभी को स्वल्पाहार कराया गया। एवं प्रदेश अध्यक्ष को फूल मालाओं के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजीव पालीवाल वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह चौधरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश उपाध्याय राकेश वर्मा पूर्व जनपद सदस्य सुबोध दीवान तारिक अली युवा नेता ज्ञानेंद्र सिंह राजपूत युद्धवीर सिंह पटेल रासबिहारी रघुवंशी राहुल सिंह रघुवंशी पेट्रोल पंप पार्षद अफजल अली, पार्षद पीयुष मालवीय, अनीश खान पूर्व पार्षद अमित राय, विजय राजौरे पूर्व उत्सव समिति अध्यक्ष भीकम राय यशवंत सराठे रमेश सराठे आदि उपस्थित रहे।



## एक महीने में 322 लापता लोगों को परिवार से मिलाया

**सीहोर।** पुलिस ने जनवरी 2024 में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान लापता 322 व्यक्तियों को उनके परिवारों से मिलाने में सफलता प्राप्त की है। एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में कई पुराने मामलों का भी समाधान किया गया। इनमें 3 से 5 साल पुराने मामले भी शामिल हैं। लापता व्यक्तियों में बच्चे, महिलाएं और पुरुष शामिल थे। जिले के विभिन्न थानों ने इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भैंरूदा थाने ने सबसे अधिक 43 मामले सुलझाए, जबकि आष्टा थाने ने 41, मंडी थाने ने 40, इछावर थाने ने 39 और बुदनी थाने ने 37 लापता व्यक्तियों को तलाश कर उनके परिजनों से मिलाया। पुलिस अधीक्षक ने इस विशेष अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# पीड़ित अजा के लोगों ने दिया तहसील परिसर में धरना

**सीहोर।** दबंगों से भयभीत पचामा के पीड़ित अनुसुचित जाति वर्ग के लोगों ने शनिवार को तहसील कार्यालय परिसर में न्याय की मांग को लेकर धरना दिया और जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर भी आक्रोश व्यक्त किया।



दबंगों पर सख्त कार्रवाही सहित मकान वापस दिलाने की मांग को लेकर पीड़ितों ने तहसीलदार नीलम परसेडिया और शहर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत को ज्ञापन भी दिया। दलित अनुसुचित जाति वर्ग के लोगों के साथ जिले में अन्याय अत्याचार थमने का नाम नहीं ले रहा है।

फरियादियों के द्वारा कई बार आवेदन निवेदन करने के बाद भी न्याय नहीं मिल रहा है ऐसा ही मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के पचामा में सामने आया है जहां हथियार लेकर पहुंचे दबंग लोगों ने जबरदस्ती मकान पर कब्जा करने के लिए ताले जड़ दिए और दलित परिवार को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित दलित परिवार ने सौ नम्बर लगाकर पुलिस को बुलाया लेकिन कोतवाली पुलिस ने हमले के बचाव में एक दबंग को मामूली चोट लगने पर उटे पीड़ित दलित परिवार पर ही मारपीट का मामला दर्ज कर दिया। परिजनों के साथ धरने पर बैठी पीड़िता अयोध्या बाई पति रामचरण मालवीय निवासी ग्राम पचामा ने ज्ञापन में बताया की शुक्रवार 31 जनवरी की सुबह मुकेश चौहान, जसपाल चौहान और अन्य 5 लोग घर पर आये और डंडे पत्थर मारकर तोडा फोड़ी शुरू कर दी और दरवाजे पर ताला लगाने लगे, ताला लगाने से मना करने पर यह नहीं माने और मेरे बेटे राम प्रसाद और मुझ पर डंडे पत्थर ईटो से हमला कर दिया। पीड़िता ने बताया की पचामा लसुडिया रोड के पास उनके नि संतान भाई का मकान है बुजुर्ग भाई की देखरेख वही करती थी बीते दिनों भाई की मृत्यु हो गई जिस के बाद से ही मुकेश चौहान, जसपाल चौहान मेरे भाई से मकान को खरीदना बता रहे है लेकिन खरीदी के कोई भी दस्तावेज लिखा पढ़ी नहीं दिखा रहे है। जबकी भाई ने कभी मकान बेचा ही नही है। मकान हड़पने के लिए पंचायत से इन्होने फर्जी पटटा भी बनवा लिया है जबकी असली पटटा और दस्तावेज आज भी भाई के नाम पर ही है। पीड़िता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दबंगों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग प्रशासन से की है। ज्ञापन देने वालों में राम प्रसाद मालवीय, जितेंद मालवीय, देवराज मालवीय, राजेश मालवीय, बंटी मालवीय, सचिन मालवीय, रेखा बाई, बसंता बाई, माया बाई, रिना बाई सहित अन्य समाजजन शामिल रहे।

# ग्राम मनकापुर पहुंचकर मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने यज्ञ में दीं आहुतियां

**बरेली।** ग्राम मनकापुर में चल रहे 108 कुंडी यज्ञ में पहुंच कर मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने दर्शन लाभ लिया एवं क्षेत्र कल्याण के लिए जनकल्याण के लिए ग्राम मनकापुर पहुंचने पर मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया।



उनके साथ उनके परिवारजन, भारकच्छ मंडल के अध्यक्ष त्रिभुवन पटेल भी मौजूद रहे।

ग्रामीण जनों के साथ उन्होंने क्षेत्र के विकास एवं ग्राम विकास के लिए मंत्री के समक्ष अपनी बात रखी। इस अवसर पर मंत्री ने सभी का अभिवादन किया और कहा कि ग्राम विकास के लिए क्षेत्र विकास के लिए है।

जनकल्याण के लिए समर्पित सरकार सभी के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। क्षेत्र का ग्राम का हम सभी मिलकर संपूर्ण विकास कराएंगे। मैंने यज्ञ भगवान का दर्शन लिया है बहुत ही गौरान्वित हूं बहुत ही धार्मिक कार्य है समस्त ग्रामीण जनों को मेरी तरफ से बधाई इस कार्यक्रम यज्ञ के मुख्य सूत्रधार रोटी वाले बाबा जी के सानिध्य में समस्त क्षेत्र वासियों ग्राम वासियों के सहयोग से हो रहा है इस कार्यक्रम में सभी मंडलों के अध्यक्ष मौजूद रहे। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा गया है जिसमें समस्त धर्मप्रेमी बंधु सादर आमंत्रित हैं।